दिनांक 10.12.2021

# रिर्टर्निंग ऑफिसर पदमिनी भोई साहू ने सेक्टर अधिकारियों की ली बैठक, शांतिपूर्ण मतदान कराने से लेकर निर्वाचन के आवश्यक दायित्वों की दी जानकारी

भिलाईनगर/ आज सेक्टर अधिकारियों की बैठक निगम के सभागार में रिर्टर्निंग अधिकारी पदमिनी भोई साहू ने ली और सेक्टर अधिकारियों को शांतिपूर्ण मतदान कराने से लेकर निर्वाचन से संबंधित सभी आवश्यक दायित्वो की क्रमवार जानकारी दी। बैठक में सहायक रिटर्निंग ऑफिसर प्रकाश कुमार सर्वे, मोनिका कौडो , प्रवीण कुमार वर्मा , डॉ प्रियंका वर्मा एवं पंकज स्वरूप , अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी, उपायुक्त सुनील अग्रहरि एवं सभी जोन आयुक्त उपस्थित रहे। सेक्टर अधिकारियों की नियुक्ति के साथ ही उनका दायित्व निर्वाचन कार्यो के लिये महत्वपूर्ण हो जाता है। भिलाई के 70 वार्डों में पार्षद पद निर्वाचन के लिए 20 दिसंबर 2021 को मतदान होना है। मतदान के सुचारू रूप से संपादन के लिये 39 सेक्टर अधिकारी नियुक्त किए गए है। जिनमें से 7 सेक्टर अधिकारी रिजर्व में नियुक्त है। सेक्टर अधिकारी मतदान केन्द्रों का निरीक्षण करने तथा मतदान केंद्रों में निगम से समन्वय कर आवश्यक व्यवस्था कराने , मतदान दलो को सामग्री वितरण केन्द्र से मतदान केंद्र तक पहुंचने, शांतिपूर्ण मतदान कराने एवं मतदान उपरांत मतदान सामग्री जमा कराने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने का कार्य संपादन करेंगे। सेक्टर अधिकारियों की बैठक में उन्हें उनके संबंधित सहायक रिर्टर्निंग अधिकारी एवं संबंधित जोन के अधिकारियों से अवगत कराया गया एवं दूरभाष नंबरो की जानकारी दी गई। सेक्टर अधिकारियों से कहा गया है कि उनके मोबाइल नंबर संपर्क हेतु चालू रहेंगे। निर्वाचक नामावली की जानकारी दी गई। बैलेट पेपर से संबंधित जानकारी साझा की गई। मतदान केन्द्रों में आवश्यक सुविधा मुहैया कराने सभी मतदान केन्द्रों का निरीक्षण उपरांत शीघ्र रिपोर्ट सौंपने और इस अनुसार समन्वय बनाकर व्यवस्था सुनिश्चित करने कहा गया।